नाम : _____ अनुक्रमांक : _____

अर्द्धवार्षिक परीक्षा– 2026
कक्षा–12
विषय–भूगोल

समय : 3.15 घंटे पूर्णांक : 70

बहुविकल्पीय प्रश्न– **1×8=8**

1. विश्व का सर्वाधिक जनसंख्या वाला देश है–

(अ) चीन (स) संयुक्त राज्य अमेरिका
(ब) भारत (द) रूस

2. निम्नलिखित देशों में से कौन विश्व का प्रमुख गन्ना उत्पादक देश है–

(अ) ब्राजील (स) रूस
(ब) भारत (द) थाईलैण्ड

3. परिवहन के समस्त साधनों में सबसे सस्ता साधन कौन-सा है ?

(अ) जल परिवहन (स) सड़क परिवहन
(ब) वायु परिवहन (द) रेल परिवहन

4. भारत के किस राज्य में जन्मदर सबसे कम है–

(अ) आंध्र प्रदेश में (स) केरल में
(ब) कर्नाटक में (द) तमिलनाडु में

5. निम्नलिखित नगरों में से कौन-सा एक पर्यटन नगर है–

(अ) मथूरा (स) रुड़की

(ब) पंचमढ़ी (द) रानीगंज

6. निम्नलिखित में से कौन-सी खरीफ की फसल नहीं है–

(अ) मक्का (स) अरहर

(ब) चावल (द) चना

7. शुष्क कृषि में निम्न में से कौन-सी फसल नहीं बोई जाती है–

(अ) रागी (स) मूंगफली

(ब) ज्वार (द) गन्ना

8. निम्नलिखित नदियों में देश में किस नदी में सबसे ज्यादा पुनः पूर्तीयोग्य भौम जल संसाधन है ?

(अ) सिंधु (स) गंगा

(ब) ब्रह्मपुत्र (द) गोदावरी

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न **2×8=16**

9. 'नव-निश्चयवाद' को परिभाषित कीजिए।

10. जनसंख्या घनत्व से आप क्या समझते हैं ?

11. मानव विकास के तीन मूलभूत क्षेत्र कौन-से हैं ?

12. पशुचारण के दो वर्गों में विभक्त किया जाता है। उन दो वर्गों के नाम लिखिए।

13. गिसन नगर क्या है ? इनका क्या प्रकार्य होता है ?

14. शुष्क कृषि तथा आर्द्र कृषि में क्या अंतर है ?

15. वर्षाजल संग्रहण की दो विधियों का उल्लेख कीजिए।

लघु उत्तरीय प्रश्न– **4×6=24**

16. मानव के प्राकृतीकरण की व्याख्या कीजिए।

17. मानव विकास शब्द से आपका क्या अभिप्राय है ?

18. स्वच्छंद उद्योग पर टिप्पणी लिखिए।

19. भारत में जनसंख्या वृद्धि की क्षेत्रीय भिन्नताओं पर प्रकाश डालिए।

20. गेहूँ की फसल पर एक लघु लेख लिखिए।

21. भारत में ग्रामीण बस्तियों के प्रकारों का वर्णन कीजिए।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न– **6×2=12**

22. रोपण या बागाती कृषि पर एक निबंध लिखिए।

अथवा

मानव विकास सूचकांक की गणना कैसे होती है ? समझाइए।

23. भारत में नगरों के विकास क्रम को सविस्तार समझाइए।

अथवा

भारतीय कृषि की प्रमुख समस्याओं पर प्रकाश डालिए।

24. भारत के दिए गए मानचित्र में निम्नांकित को उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए– **5**

(क) मध्य प्रदेश की राजधानी

(ख) सर्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य

(ग) वह राज्य जहाँ कोच्चि पत्तन स्थित है।

(घ) सबसे अधिक जनसंख्या घनत्व वाला राज्य

UPBoardHub

(ङ) सबसे अधिक स्त्री साक्षरता वाला राज्य

25. विश्व के दिए गए रेखाचित्र मानचित्र में निम्नांकित को उपयुक्त चिन्हों द्वारा दर्शाइए और उनके नाम भी लिखिए– **5**

(क) ब्रिटेन का सबसे बड़ा नगर

(ख) ऑस्ट्रेलिया का राजधानी शहर

(ग) विश्व में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक देश

(घ) आदिकालीन निर्वाह कृषि का एक प्रमुख केन्द्र

(ङ) विश्व में दूसरा सबसे अधिक मानव विकास सूचकांक देश

◇ ◇ ◇ ◇ ◇